# ज्ञान सुरभि

## भाग - 6

## हिंदी - भाषा III

द्वितीय संस्करण - 2025

# आमुख

**‘ज्ञानम् परमम् ध्येयम्, ज्ञानम् परमम् बलम्’** अर्थात् ज्ञान ही परम लक्ष्य है और ज्ञान ही परम बल है। विद्या का मुख्य उद्देश्य ज्ञान प्रदान करना है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अनुसार भाषा ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का माध्यम बनती है। अतः प्रारंभिक शिक्षा में भाषा को अधिक महत्त्व दिया हुआ है। इसी उपलक्ष्य में प्रस्तुत पाठ्य पुस्तक **‘ज्ञान सुरभि हिंदी भाषा III’** तैयार की गई है। यह पाठ्य श्रृंखला कक्षाएँ 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी होगी। हर पाठ्यपुस्तक में कहानियों और पठित बोध के अलावा विद्यार्थियों का व्यावहारिक ज्ञान बढ़ाने हेतु वार्तालाप का भी प्रक्षेप किया गया है। यह सिद्दत है कि जो विद्या बच्चों के व्यावहारिक ज्ञान का निर्माण करती है, वही संपूर्ण विद्या कहलाएगी। इसे ध्यान में रखते हुए हमारे गृह-प्राध्यापकों द्वारा क्रियाकलाप केंद्रित पाठ्यक्रम तैयार किया हुआ है। इस पठन-सामग्री में बच्चों का मार्गदर्शन करनेवाली मूल्यपरक कहानियाँ सरल और बोधगम्य भाषा में बड़े ही रोचक ढंग से प्रस्तुत की गई हैं। हर पाठ के आधार पर कठिन शब्दार्थ, बोध-प्रश्न और अन्य अभ्यास दिए हुए हैं, जो विद्यार्थियों की बौद्धिकता और बोधगम्यता के विकास में सहयोग देंगे। कक्षाएँ 1 और 2 में अक्षर ज्ञान, 3 से 5 तक की हर पाठ्यपुस्तक में गिनती, अनुवाद-अभ्यास के साथ-साथ विशेष रूप से घरेलू सामान, दाल, आभूषण, पशु-पक्षी से लेकर सभी प्रकार के सामान्य-ज्ञान का भी परिचय दिया गया है और कक्षाएँ 6 से 8 तक के लिए व्याकरण, पत्र लेखन, पोस्टर-विज्ञापन लेखन का प्रतिपादन भी किया गया है, जो बच्चों के लिए भावी जीवन में काफ़ी मददगार रहेगा। कक्षाएँ 5 से 8 तक के पाठ्यक्रम में मुहावरों की चित्र सहित व्याख्या की गई है। हर पाठ के अभ्यासों के बाद गतिविधियों के अंतर्गत पाठ संबंधित अन्य जानकारियाँ और विचारमंथनात्मक अभ्यास भी समाहित हैं। पाठ्य सामग्री के प्रारंभ में, ‘पुनर्कथन’ के रूप में पूर्व कक्षा के अनिवार्य विषय और अंत में, नमूने प्रश्न पत्र दिए गए हैं, जो छात्रों के लिए बहुत ही सहायक होंगे। प्रहर्ष की बात यह है कि इनमें छात्रों-अध्यापकों द्वारा खिंचित चित्रों का भी समावेश है। विद्यार्थियों के लिए एक संपूर्ण पाठ्य-सामग्री प्रदान करने का यह एक छोटा-सा प्रयास है।

सचिव

चेन्नई। जून 2025

आर्य समाज सेवा फाउंडेशन

## Acknowledgements

### Lead Content Contributors

Dr.S.Avudainayaki M.A.,M.Sc(Psy),B.Ed.,PGDT.,Ph.D

Smt. Alagulatha AL M.A.,B.Ed.,PGDT.,M.Phil.

### Content Contributors

Dr.Arti Navalan M.A.,M.Sc.,B.Ed.,Ph.D

Smt.N.Vasanthi M.A.,B.Ed.

### Design and Technical Support

Ms.Hamsavani Raman and Team

### Wrapper Design

Smt.D.Madhuri DFA (Front wrapper)

Shri.S.Vignesh DFA (Back wrapper)

# विषय सूची


| क्रम संख्या | प्रकरण | विधा | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| | पुनर्कथन | | 6 |
| 1 | तेनालीराम की बुद्धिमानी | कहानी | 8 |
| 2 | नए शहर में एक दिन | वार्तालाप | 11 |
| 3 | बातूनी कछुआ | पठित बोध | 14 |
| 4 | अनुवाद-I | सामान्य ज्ञान | 16 |
| 5 | मुहावरे-I | सामान्य ज्ञान | 17 |
| 6 | गिनती | सामान्य ज्ञान | 20 |
| 7 | पोस्टर व विज्ञापन रचना-I | लेखन कौशल | 22 |
| 8 | पत्र लेखन-I | लेखन कौशल | 24 |
| 9 | रेलगाड़ी की यात्रा | वार्तालाप | 25 |
| 10 | भारत का लौह पुरुष | पठित बोध | 28 |
| 11 | अनुवाद-II | सामान्य ज्ञान | 30 |
| 12 | मुहावरे-II | सामान्य ज्ञान | 31 |
| 13 | पोस्टर व विज्ञापन रचना-II | लेखन कौशल | 33 |
| 14 | पत्र लेखन-II | लेखन कौशल | 35 |
| 15 | व्याकरण | व्याकरणिक बोध | 36 |
| | आंतरिक मूल्यांकन | | 43 |
| | नमूने प्रश्न पत्र | | 45 |

# पुनर्कथन RECAPITULATION
## RECAP-I

### I रंगों के नाम:

हरा लाल पीला नारंगी सफ़ेद काला नीला

### II सगे संबंधियों के नाम:

| | | |
|---|---|---|
| माता - पिता | चाचा - चाची | ताऊ - ताई |
| भाई - बहन | फूफा - बुआ | मौसा - मौसी |
| मामा - मामी | नाना - नानी | दादा - दादी |

### संभाषण - मित्र के साथ



(TERM I)

| | |
|---|---|
| 1. It's been a long time since I met you. | तुम से मिलकर बहुत दिन हो गए। |
| 2.You have forgotten me, haven't you? | तुम मुझे भूल गए, है न? |
| 3.How can I forget you? | मैं तुम्हें कैसे भूल सकता हूँ? |
| 4.Don't say like this. | ऐसा मत कहो। |
| 5.I couldn't recognize you from a distance. | दूर से मैं तुम्हें पहचान नहीं पाया। |
| 6.I remembered you yesterday. | मैंने कल तुम्हें याद किया था। |
| 7.What made you come here? | यहाँ कैसे आना हुआ? |
| 8.I have some work here. | मुझे यहाँ कुछ काम है। |
| 9.I have been waiting for you for a long time. | मैं यहाँ बहुत समय से तुम्हारा इंतज़ार कर रहा हूँ। |
| 10.Could not get the bus, hence late. | बस नहीं मिली, इसलिए देर हो गई। |
| 11.Come, let us go home. | आओ, घर चलें। |
| 12.Shall we meet tomorrow evening? | क्या हम कल शाम को मिलें? |
| 13.I'll come there without fail. | मैं कल वहाँ ज़रूर आऊँगा। |
| 14.Where are you put up? | तुम कहाँ रहते हो? |
| 15.This is my address. | यह मेरा पता है। |

# RECAP-II

## I पशु-पक्षियों के नाम:

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गाय | शेर | हाथी | बाघ | घोड़ा | कुत्ता | बिल्ली |
| बतख | तोता | मोर | कोयल | हंस | चील | मुर्गा |

## II वाहनों के नाम

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जहाज़ | हवाई जहाज़ | नाव | रेलगाड़ी | बैलगाड़ी | घोड़ागाड़ी |

## संभाषण - मित्र के साथ



(TERM II)

| | |
|---|---|
| 1.Where do you work now? | तुम अब कहाँ काम करते हो? |
| 2.I am a doctor in a village. What about you? | मैं एक गाँव में डॉक्टर हूँ। तुम क्या करते हो? |
| 3.I am an Engineer in a car company. | मैं एक कार कंपनी में इंजिनियर हूँ। |
| 4.Why didn't you come that day? | तुम उस दिन क्यों नहीं आए? |
| 5.I had gone to Delhi on an important work. | मैं एक आवश्यक काम पर दिल्ली गया था। |
| 6.I very much expected you. | मैंने तुम्हारा बहुत इंतज़ार किया था। |
| 7.When shall we meet again? | हम फिर कब मिलेंगे? |
| 8.We shall meet next month. | हम अगले महीने मिलेंगे। |
| 9.Let us go together. | हम साथ चलेंगे। |
| 10.Please wait for some time. | कृपया कुछ समय प्रतीक्षा करें। |
| 11.Where is the post office, here? | यहाँ डाकघर कहाँ है? |
| 12.What is your brother doing? | तुम्हारा भाई क्या कर रहा है? |
| 13.He is studying in a college. | वह कॉलेज में पढ़ाई कर रहा है। |
| 14.When does he return from college? | वह कॉलेज से कब लौटता है? |
| 15.He returns home by 5:00 PM | वह शाम को पाँच बजे घर लौटता है। |

# 1. तेनालीराम की बुद्धिमानी

शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| नाराज़ - गुस्सा Angry | आदेश - आज्ञा Order | विचित्र - अपूर्व Strange |
| बेहद - बहुत A lot | उलझन - कठिनाई Difficulty | ओढ़े - पहन To wrap |



तेनालीराम अपनी तीव्र बुद्धि और हास्य बोध के कारण प्रसिद्ध थे। तेनालीराम विजयनगर में महाराज कृष्णदेवराय के सबसे प्रिय हुआ करते थे। वे उन्हें हर उलझन से निकलने में मदद करते थे। यूँ तो महाराज कृष्णदेव राय तेनालीराम को बहुत पसंद करते थे, फिर भी एक बार महाराज किसी बात पर तेनालीराम से नाराज़ हो गए। गुस्से में आकर उन्होंने भरी राजसभा में तेनालीराम से कह दिया, "कल से मुझे दरबार में अपना मुँह मत दिखाना।" यह सुनते ही तेनालीराम दुखी होकर दरबार से चले गए। तेनालीराम से जलनेवाले लोग बहुत खुश हो गए।

अगले दिन जब महाराज राजसभा की ओर जा रहे थे, तभी एक चुगलखोर दरबारी ने उन्हें यह कहकर भड़का दिया, "आपने तेनालीराम को दरबार में न आने का आदेश दिया था, लेकिन तेनालीराम आपके आदेश के विरुद्ध दरबार में उपस्थित है।" यह सुनते ही महाराज आग-बबूले हो गए। चुगलखोर आगे बोला, "आपने साफ़ कहा था कि दरबार में आने पर कोड़े पड़ेंगे, इसकी भी उसने कोई परवाह नहीं की। अब तो तेनालीराम आपकी आज्ञा की भी अवहेलना करने में जुटा है।"

राजा दरबार में पहुँचे, तो उन्होंने देखा कि सिर पर मिट्टी का एक घड़ा ओढ़े तेनालीराम विचित्र प्रकार की हरकतें कर रहे हैं। घड़े पर चारों ओर जानवरों के मुँह बने थे। महाराज ने गुस्से में कहा, "तेनालीराम! यह क्या अशिष्टता है? तुमने हमारी आज्ञा का उल्लंघन किया है। तुम्हें इसकी सज़ा मिलेगी। दंडस्वरूप कोड़े खाने के लिए तैयार हो जाओ।" तेनालीराम ने कहा, "मैंने आपकी कौन-सी आज्ञा नहीं मानी महाराज?" घड़े में मुँह छिपाए हुए तेनालीराम आगे बोला, "आपने कहा था कि कल दरबार में मुझे अपना मुँह नहीं दिखाना है, तो क्या अब आपको मेरा मुँह दिख रहा है? हे भगवान! कहीं कुम्हार ने फूटा घड़ा तो नहीं दिया!"

यह सुनते ही महाराज के मुँह से हँसी फूट निकली। वे बोले, "तुम जैसे बुद्धिमान और हाज़िरजवाब से कोई नाराज़ हो ही नहीं सकता।" अब इस घड़े को हटाओ और अपना आसन ग्रहण करो। तेनालीराम पर महाराज का विशेष प्रेम देखकर बहुत लोग उससे जलते थे, लेकिन तेनालीराम हर बार अपनी बुद्धिमता से उनको मात दे देता था। इस बार भी वही हुआ।

**सीख : अपनी सूझ-बूझ से हम किसी भी मुसीबत का हल निकाल सकते हैं।**

## अभ्यास

### I मुहावरे

कान भरना / चुग़ली करना - शिकायत करना

आग बबूला होना - बहुत गुस्सा होना

### II वाक्यों में प्रयोग कीजिए

नाराज़ चेतावनी उल्लंघन विचित्र अवहेलना

### III रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

1. महाराज किसी बात पर तेनालीराम से ______________ हो गए।
2. कल से मुझे दरबार में अपना ______________ मत दिखाना।
3. ______________ पर चारों ओर जानवरों के मुँह बने थे।
4. तेनालीराम पर ______________ का विशेष प्रेम देखकर बहुत लोग उससे जलते थे।

## IV निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए

1. तेनालीराम कौन थे?
2. तेनालीराम क्यों प्रसिद्ध थे?
3. राजा ने तेनालीराम को क्या आदेश दिया?
4. चुग़लख़ोर ने राजा से क्या कहा?
5. तेनालीराम ने राजा की आज्ञा का पालन कैसे किया?

## V ये भी जान लें

| | |
|---|---|
| राष्ट्रपति - PRESIDENT | राज्यपाल - GOVERNOR |
| प्रधान मंत्री - PRIME MINISTER | निदेशक - DIRECTOR |
| गृह मंत्री - HOME MINISTER | अध्यक्ष - HEAD |
| स्वास्थ्य मंत्री - HEALTH MINISTER | सचिव - SECRETARY |
| मुख्य मंत्री - CHIEF MINISTER | संयोजक - CO-ORDINATOR |

# 2. नए शहर में एक दिन

शब्दार्थ

दायें - दाहिना Right    कुल - संपूर्ण Overall    महिला - औरत Woman

रास्ता - राह Way    परचून - किराने की दुकान Grocery store



मोहन: क्या आप मुझे पार्लियामेंट बिल्डिंग जाने का रास्ता बता सकते हैं?

पथिक: माफ़ कीजिए। मैं भी एक टूरिस्ट हूँ। आप उस दुकान वाले से पूछ लीजिए।

मोहन: आप कहाँ से आए हैं?

पथिक: मैं चेन्नई से आया हूँ। यह दिल्ली की मेरी पहली यात्रा है।

मोहन: अच्छा। मैं भी चेन्नई से आ रहा हूँ। ठीक है भाई, मैं किसी और से पूछ लेता हूँ।

**(मोहन दुकान वाले के पास जाते हैं और वही सवाल करते हैं।)**

मोहन: क्या आप मुझे पार्लिमेंट बिल्डिंग जाने का रास्ता बता सकते हैं?

दुकानदार: हाँ, ज़रूर बताता हूँ। क्या आपको सामने बस स्टॉप दिखाई देता है?

मोहन: कौन-सा ... ... ... ... ... वह पीली छत वाली जगह?

दुकानदार: हाँ! वही। यहाँ से सीधे चलते हुए आप बस स्टॉप तक पहुँच जाइए।वहाँ से दायें मुड़ जाइए।

मोहन: समझ गया। उसके बाद?

दुकानदार: वहाँ एक परचून की दुकान होगी।

मोहन: वहाँ से कहाँ जाना है?

दुकानदार: बस, आप वहाँ से तीन किलोमीटर तक सीधा चलते रहिए। आप पार्लिमेंट बिल्डिंग पहुँच जाएँगे।

मोहन: आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

**(मोहन सीधा जाते हैं और बस स्टॉप तक पहुँच जाते हैं।**
**वहाँ से वे रास्ता भूल जाते हैं और बायें मुड़ जाते हैं।)**

मोहन: **(राह चलती महिला से)** बहन जी, कृपया मुझे पार्लिमेंट हाउस जाने का रास्ता बता सकती हैं? मैं रास्ता भटक गया हूँ।

महिला: भैया। आप ग़लत रास्ते पर चल रहे हैं। आपको तो बस स्टॉप से दायें मुड़ना था। आप बायें मुड़ गए। अब इसी रास्ते पर वापस चले जाइए। आगे जाकर थोड़ी दूर पर पुलिस चौकी होगी। वहाँ पूछ लेना।

मोहन: आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

मोहन: हवलदार साहब, कृपया मुझे पार्लिमेंट हाउस जाने का रास्ता बता सकते हैं?

हवलदार: तेज़ी से पहुँचने वाला रास्ता बताऊँ या सरल वाला रास्ता बताऊँ?

मोहन: देर बहुत हो गई है। मैं तो गोल-गोल ही घूमता जा रहा हूँ। मेरा साथी एक घंटे से मेरा इंतज़ार कर रहा है। जल्दी पहुँचने वाला रास्ता बता दीजिए।

हवलदार: देखिए। यहाँ से बायें मुड़ते ही एक छोटा अस्पताल दिखेगा। उसके सामने एक फ़्लाइओवर है। उसके नीचे से आपको जाना है। दूसरी तरफ़ निकलते ही आप को एक सब्ज़ी मण्डी दिखेगी। वहाँ से दायें मुड़ जाना। कुल पंद्रह मिनटों में आप पहुँच जाएँगे।

मोहन: बहुत बहुत धन्यवाद जी! पहली बार दिल्ली आकर भी मुझे कोई असुविधा नहीं रही; जिनसे भी मैंने रास्ता पूछा, सबने मेरी मदद की।

## अभ्यास

### I रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

1. दुकान से ________________ किलोमीटर सीधा चलते जाइए।
2. अस्पताल ________________ एक फ़्लाइओवर है।
3. आपका दिन ________________ हो।
4. पहली बार ________________ आकर भी मुझे कोई असुविधा नहीं रही।

### II वाक्य बनाइए

रास्ता    मदद    दुकान    इंतज़ार

### III निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1. मोहन कहाँ जाना चाहता था?
2. पथिक किस शहर के थे?
3. बस स्टॉप की छत का क्या रंग था?
4. मोहन को कौन-सी दुकान तक पहुँचना था?
5. महिला ने मोहन को क्या निर्देश दिया?


### IV संवाद लेखन

1. एक अच्छी फ़िल्म के बारे में फ़ोन पर अपने मित्र के साथ की गई बात को संवाद के रूप में लिखिए।
2. कमल के कमरे में फैले सामानों को देखकर कमल और उसके पिता के बीच हुए संवाद लिखिए।

## गतिविधि

**निम्न दी हुई लिंक पर जाकर भारतीय संसद के बारे में जानकारी प्राप्त करें।**
**https://www.india.gov.in/my-government/indian-parliament**

# 3. बातूनी कछुआ-पठित बोध



किसी तालाब में एक बातूनी कछुआ रहता था। उसी तालाब के किनारे दो हंस भी रहते थे। वे तीनों घनिष्ठ मित्र थे। एक बार गरमी के मौसम में तालाब का पानी सूख जाने के कारण हंस दूसरे तालाब उड़ जाने के लिए तैयार हो गए। कछुआ भी तैयार था, लेकिन उसे ले जाने की समस्या थी। कछुए ने उपाय बताया कि दोनों हंस अपनी चोंच में एक लकड़ी के सिरों को पकड़ लेंगे और वह उस लकड़ी को अपने मुँह से पकड़ लेगा, जिससे तीनों मित्र एक साथ एक ही तालाब में रह सकते हैं। हंसों ने कहा, "उपाय तो अच्छा है, लेकिन तुम तो बातूनी हो! रास्ते में बात करने लगोगे, तो नीचे गिरकर मर जाओगे। याद रखना।" कछुए ने कहा, "मैं मूर्ख नहीं हूँ, मैं अपने पैरों पर स्वयं कुल्हाड़ी मारूँगा क्या?" हंसों को कछुए की बात माननी पड़ी, इसलिए योजनानुसार अगले ही दिन वे उड़ने लगे। इनको देखकर रास्ते में कुछ लोग बातें करने लगे, तो कछुए से रहा नहीं गया। कुछ बोलने के लिए उसने मुँह खोला और नीचे गिरकर अपनी जान खो बैठा। हमें कभी फालतू बातों में न आकर, अपने लक्ष्य की तरफ़ ही ध्यान देना चाहिए।



निम्न दिए हुए प्रश्नों का सही उत्तर चुनकर लिखिए

**1. तीन मित्र कौन-कौन थे?**

| | | |
|---|---|---|
| दो हंस और एक कछुआ | दो कछुए और एक हंस | तीन कछुए |

**2. किसे दूसरे तालाब में जाने की समस्या थी?**

| | | |
|---|---|---|
| हंसों को | कछुए को | लोगों को |

**3. तालाब सूख गया, क्योंकि**

| | | |
|---|---|---|
| बहुत गरमी थी | बहुत सरदी थी | बहुत वर्षा थी |

**4. हंसों ने कहा कि उपाय तो अच्छा है, पर ____________।**

| | | |
|---|---|---|
| तुम बातूनी हो | तुम आलसी हो | तुम मूर्ख हो |

**5. हंसों ने लकड़ी को कैसे पकड़ा?**

| | | |
|---|---|---|
| चोंच से | पंखों से | पैरों से |

**6. 'अपने पैर पर स्वयं कुल्हाड़ी मारने' का अर्थ है:**

| | | |
|---|---|---|
| अपना नुकसान स्वयं करना | अपना कार्य स्वयं करना | स्वयं कुल्हाड़ी मारना |

**7. कछुए ने लकड़ी को कैसे पकड़ा?**

| | | |
|---|---|---|
| पैरों से | हाथों से | मुँह से |

**8. इस कहानी से आपको क्या शिक्षा मिलती है?**

| | | |
|---|---|---|
| लक्ष्य पर ध्यान | संपत्ति पर ध्यान | दोषों पर ध्यान |

**9. किन्हें देखकर कछुए ने मुँह खोला?**

| | | |
|---|---|---|
| हंसों को | लोगों को | अन्य पक्षियों को |

**10. कछुए को मुँह खोलने का क्या परिणाम मिला?**

| | | |
|---|---|---|
| लक्ष्य-प्राप्ति | मरण | पक्की मित्रता |

# 4. अनुवाद-I




| | |
|---|---|
| 1. Next year, my brother will be in Delhi. | मेरा भाई अगले साल दिल्ली में रहेगा। |
| 2. My brother is going to sleep. | मेरा भाई सोनेवाला है/सोने जा रहा है। |
| 3. He will call me tomorrow. | वह मुझे कल बुलाएगा। |
| 4. I will ask my mother about this. | मैं अपनी माताजी से इसके बारे में पूछूँगा। |
| 5. I will write in the class. | मैं कक्षा में लिखूँगा। |
| 6. Boys will play in the evening. | लड़के शाम को खेलेंगे। |
| 7. You will do this work tomorrow. | आप यह कार्य (काम) कल करेंगे। |
| 8. She will sing a song. | वह एक गाना गाएगी। |
| 9. They will go to temple. | वे मंदिर जाएँगे। |
| 10. My mother will buy a watch for me. | मेरी माँ मेरे लिए एक घड़ी खरीदेंगी। |
| 11. Your sister will give a speech. | आपकी बहन भाषण देंगी। |
| 12. Her brother will take a plate. | उनके भाई एक थाली लेंगे। |
| 13. Sister will prepare tea. | बहन चाय बनाएगी। |
| 14. The child will pick up a ball. | बच्चा एक गेंद उठा लेगा (चुनेगा)। |
| 15. You will get a place to sit. | आपको बैठने के लिए एक जगह मिलेगी। |

# 5. मुहावरे-I

परिभाषा - मुहावरा एक ऐसा वाक्यांश है जिसका वाक्य में प्रयोग किए जाने पर विशेष अर्थ प्रकट होता है। इससे भाषा आकर्षक, प्रभावपूर्ण तथा रोचक बन जाती है।

चित्र देखकर सही मुहावरे से वाक्यों की पूर्ति कीजिए।

| | | |
|---|---|---|
| उँगली उठाना | - | किसी पर दोष लगाना |
| नौ दो ग्यारह होना | - | भाग जाना |
| चैन की बंसी बजाना | - | चिंतामुक्त होना |
| तारे गिनना | - | नींद न आना |
| उँगली पर नचाना | - | अपने वश में करना |
| नमक मिर्च मिलाना | - | किसी बात को बढ़ा-चढ़ाकर कहना |
| तलवार खींचना | - | लड़ने को तैयार रहना |




पुलिस को देखते ही चोर ______________________

______________________ हो गया।



राम बिना किसी कारण के श्याम पर ______________

______________________ है।



जो हुआ उसे ठीक-से बताओ, उसमें ____________________

__________________________________________ मत।



दूसरे दिन परीक्षा-परिणाम निकलने ही वाला था, तो गणेश

__________________________________________ लगा।



विनीत हमेशा प्रणव की बात ही मानता है, क्योंकि प्रणव तो

विनीत को अपनी ___________________________________

__________________________________________ है।



राम को अच्छी नौकरी मिलते ही घरवाले _________________

________________________________________ रहे हैं।



वह बड़ा झगडालू है कि हर विषय पर ___________________

__________________________________________ है।

## गतिविधि

चित्र को ध्यान से देखकर उसका वर्णन दिए हुए शब्दों के सहारे कीजिए।



(डाली चाय रोटियाँ सेब एक टोकरी फूल खाना कैमरा तीन पिकनिक परिवार पक्षी गेंद पानी)

इस चित्र में एक __________ के लोग __________ पर गए हैं । छोटा लड़का __________ से झूल रहा है । माँ __________ परोस रही हैं। पिताजी के गले में एक __________ लटक रहा है । दादा जी लाल प्याले में __________ पी रहे हैं । आकाश में __________ उड़ रहे हैं । छोटे लड़के के हाथ में एक __________ है । इस चित्र में __________ लड़के और __________ लड़की हैं । लड़की के पीछे एक __________ है । पौधों में __________ खिले हुए हैं । थाल पर चार __________ हैं । माँ के पास एक __________ में फल और सामने __________ का एक जग है ।

# 6. गिनती

| | | |
|---|---|---|
| 1 | १ | एक |
| 2 | २ | दो |
| 3 | ३ | तीन |
| 4 | ४ | चार |
| 5 | ५ | पाँच |
| 6 | ६ | छः |
| 7 | ७ | सात |
| 8 | ८ | आठ |
| 9 | ९ | नौ |
| 10 | १० | दस |
| 11 | ११ | ग्यारह |
| 12 | १२ | बारह |
| 13 | १३ | तेरह |
| 14 | १४ | चौदह |
| 15 | १५ | पंद्रह |

| | | |
|---|---|---|
| 16 | १६ | सोलह |
| 17 | १७ | सत्रह |
| 18 | १८ | अठारह |
| 19 | १९ | उन्नीस |
| 20 | २० | बीस |
| 21 | २१ | इक्कीस |
| 22 | २२ | बाईस |
| 23 | २३ | तेईस |
| 24 | २४ | चौबीस |
| 25 | २५ | पच्चीस |
| 26 | २६ | छब्बीस |
| 27 | २७ | सत्ताईस |
| 28 | २८ | अट्ठाईस |
| 29 | २९ | उनतीस |
| 30 | ३० | तीस |

| | | |
|---|---|---|
| 31 | ३१ | इकतीस |
| 32 | ३२ | बत्तीस |
| 33 | ३३ | तैंतीस |
| 34 | ३४ | चौंतीस |
| 35 | ३५ | पैंतीस |
| 36 | ३६ | छत्तीस |
| 37 | ३७ | सैंतीस |
| 38 | ३८ | अड़तीस |
| 39 | ३९ | उनचालीस |
| 40 | ४० | चालीस |

| | | |
|---|---|---|
| 41 | ४१ | इकतालीस |
| 42 | ४२ | बयालीस |
| 43 | ४३ | तैंतालीस |
| 44 | ४४ | चौवालीस |
| 45 | ४५ | पैंतालीस |
| 46 | ४६ | छियालीस |
| 47 | ४७ | सैंतालीस |
| 48 | ४८ | अड़तालीस |
| 49 | ४९ | उनचास |
| 50 | ५० | पचास |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | - | दस | 1000 | - | हज़ार |
| 20 | - | बीस | 10,000 | - | दस हज़ार |
| 30 | - | तीस | 1,00,000 | - | एक लाख |
| 40 | - | चालीस | 10,00,000 | - | दस लाख |
| 50 | - | पचास | 1,00,00,000 | - | एक करोड़ |
| 60 | - | साठ | $\frac{1}{4}$ | - | सवा |
| 70 | - | सत्तर | $\frac{1}{2}$ | - | आधा / साढ़े |
| 80 | - | अस्सी | $\frac{3}{4}$ | - | पौना |
| 90 | - | नब्बे | $1\frac{1}{2}$ | - | डेढ़ |
| 100 | - | सौ | $2\frac{1}{2}$ | - | ढाई / अढाई |

## 7. पोस्टर व विज्ञापन रचना-I

पोस्टर व विज्ञापन रचना आधुनिक युग में प्रचार-प्रसार के लिए बहुत ही उपयोगी और अनिवार्य माध्यम सिद्ध हुआ है। किसी वस्तु की पूर्ण जानकारी देने हेतु, किसी उत्पाद की बिक्री बढ़ाने हेतु या किसी विषय के बारे में लोगों के मन में जागरण पैदा करने के लिए पोस्टर/विज्ञापन का प्रयोग किया जाता है। यह एक अद्‌भुत कला है, जो समाज का एक आवश्यक अंग बन गया है। एक आकर्षक विज्ञापन या पोस्टर जन साधारण तक संदेश पहुँचाता है।

1.कलम की बिक्री के लिए एक आकर्षक विज्ञापन दीजिए

आदर्श कलमें

आदर्श कलमें खरीदिए, जीवन में आगे बढ़िए!!

रंग-बिरंगी कलमें

तेज़ी से लिखनेवाली



सस्ती व टिकाऊ

वाटरप्रूफ स्याही

साफ-सुथरी लिखावट के लिए आदर्श कलमें

**दाम : रु 5 से लेकर रु 1,000 तक।**
**पाँच लेने पर दो मुफ्त में**

संपर्क करें : 4, राम गली, आनंद नगर, नई दिल्ली-XX फोन:xxxxxxxxxxx

2.जल के महत्त्व पर एक पोस्टर बनाइए।




## गतिविधि

दी गई वर्ग पहेली में से 15 जानवरों और पक्षियों के नाम ढूँढिए।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चू | र | क | ट | इ | गौ | को | हो |
| मे | हा | कौ | बू | से | नो | रै | पो |
| मै | गा | आ | को | त | जो | ना | या |
| ना | नी | य | गा | गि | र | गि | ट |
| फे | ल | मु | ब | मी | की | रे | ती |
| वे | में | बै | त | नो | मो | मु | भा |
| ड़ा | ले | लो | ख | र | गो | श | लू |
| ह | घो | घ | क्ष | शे | सु | अ | वो |

# 8. पत्र लेखन-I

**साइकिल की चोरी हो जाने की रिपोर्ट करते हुए पुलिस अधिकारी को पत्र लिखिए।**

दिनांक: 18 अगस्त, 202X

प्रेषक

राम,

6, कबिलर गली,

राम नगर,

चेन्नई -1

सेवा में

पुलिस थानाध्यक्ष,

बी 7 पुलिस थाना,

राम नगर,

चेन्नई -1

विषय: साइकिल की चोरी होने के संदर्भ में।

माननीय महोदय,

सविनय निवेदन है कि आज मैं दोपहर में साइकिल बाहर रखकर दुकान गया था। सामान खरीदकर मैं बाहर आया, तो वहाँ साइकिल नहीं थी। मेरी साइकिल का विवरण इस प्रकार है-

यह नीले रंग की एटलस मार्क साइकिल है। घंटी, कैरियर तथा सीट का रंग काला है। आपसे अनुरोध है कि यथाशीघ्र साइकिल का पता लगवाने की कृपा करें।

सधन्यवाद।

भवदीय

राम

# 9. रेलगाड़ी की यात्रा

**शब्दार्थ**

पहाड़ - पर्वत Mountain　　छुट्टी - अवकाश Holiday　　रात्रि - रात Night

गाड़ी - वाहन Vehicle　　हवाई जहाज़ - विमान Airplane



रामू: माँ, पिताजी कहते हैं कि कल हम रेलगाड़ी से प्रयागराज जा रहे हैं।

माँ: हाँ बेटा। इस बार आपकी नवरात्रि की छुट्टियों में हम सब प्रयागराज जाएँगे।

रामू: प्रयागराज कहाँ है? हमें वहाँ पहुँचने में कितने दिन लगेंगे?

माँ: जो शहर इलाहाबाद के नाम से जाना जाता था, वही आज प्रयागराज है। हमें रेलगाड़ी से 30 घंटे लगेंगे।

रामू: मैं तो ऊब जाऊँगा। इतनी देर मुझे एक ही जगह पर बैठना पड़ेगा?

पिताजी: नहीं रामू। ऐसी बात नहीं। हम सब साथ-साथ हँसते, गाते, खेलते, खाते, सोते पहुँच जाएँगे।

रामू: क्यों न हम हवाई जहाज़ से जाएँ? जल्दी पहुँच जाएँगे न?

पिताजी: जो मज़ा रेलगाड़ी में आता है, वह हवाई जहाज़ में नहीं आता।

दादाजी: हाँ रामू। आपके पिताजी सही कह रहे हैं। रेलगाड़ी में हम खिड़की के बाहर अनेक दृश्य देख सकते हैं। खेत, खलिहान, पहाड़, नदियाँ आदि सब दिखाई देते हैं।

दादीजी: और कभी-कभी गाड़ी एक सुरंग से भी गुज़रती है। तब गाड़ी में घुप अंधेरा हो जाता है, तब तुम डरोगे तो नहीं?

रामू: बिलकुल नहीं दादी माँ। मैं भैया का हाथ पकड़ कर बैठा रहूँगा।

दादाजी: रेलगाड़ी में फल, जूस, मूँगफली, नमकीन जैसी खाने की चीजें भी बहुत मिलती हैं। खाते-खाते बाहर का दृश्य देखते हुए जाएँगे।

रामू: अरे वाह! यह तो बड़ी मज़ेदार बात है। अब मैं रेलगाड़ी से जाने के लिए बहुत उत्सुक हूँ। प्रयागराज का मौसम कैसा होगा?

माँ: जब हम वहाँ पहुँचते हैं, तब तक वर्षा ऋतु ख़त्म हुई होगी। सर्दी के मौसम का आरंभ होगा। बहुत ही सुहावना होगा।

पिताजी: उस हल्के ठंडे मौसम में तरह-तरह की खाने की चीज़ें भी तो मिलेंगी। मेरे तो मुँह में अभी से पानी आ रहा है।

दादाजी: हाँ। जलेबी, समोसा, कचौड़ी, रबड़ी, खीर... ... ... .

दादी जी: बस-बस। सभी के पेट ख़राब हो जाएँगे।

माँ: और दशहरे के मेले में झाँकियाँ भी दिखेंगी।

पिताजी: स्थानीय लोग रामायण के कथापात्र बनकर सड़क पर अभिनय करेंगे। उनकी वेशभूषा भी बहुत सुंदर होती है।

दादाजी: चलो, इसी बहाने रामू रामायण की कथा भी जान लेगा।

रामू: मुझसे अब तो रहा नहीं जाता। मन करता है आज ही रेलगाड़ी पर चढ़ जाऊँ।

दादीजी: आओ, मैं तुम्हें रेलगाड़ी पर एक गाना भी सिखाती हूँ।

छुक छुक छुक रेल चले, छुक छुक छुक रेल चले
तड़ तड़ की आवाज़ करे, पटरी के ऊपर चलती रहे।
हरी झंडी को देखते ही, धीरे-धीरे चलने लगे
लाल झंडी देखकर ही, धीरे-धीरे रुकने लगे।
बिजली की मदद से ये, तेज तेज आगे बढ़े
छुक छुक छुक रेल चले, छुक छुक छुक रेल चले।

रामू: दादी माँ! वाह! बहुत बढ़िया! अब मेरी उत्सुकता बढ़ती जा रही है। मैं अभी जाकर यात्रा की तैयारियाँ शुरू कर देता हूँ।

**(दादीजी मुस्कुराती हैं।)**

## अभ्यास

### I वाक्य बनाइए

बाहर चीज़ें गाड़ी हाथ मौसम

### II रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

1. रामू ____________ से प्रयागराज जा रहा था।
2. रामू ____________ से प्रयागराज जाना चाहता था।
3. कभी-कभी गाड़ी एक ___________ से भी गुज़रती है।
4. दशहरे के मेले में ___________ भी दिखेंगी।

### III निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए

1. प्रयागराज पहले किस नाम से जाना जाता था?
2. रेलगाड़ी की यात्रा में क्या-क्या देख सकते हैं?
3. रामू के परिवार ने प्रयागराज कब जाने का निर्णय लिया?
4. प्रयागराज कौन-कौन जानेवाले थे?
5. किस मेले के बारे में परिवारवालों के बीच बातचीत हो रही थी?
6. रेलगाड़ी किस पर चलती है?


### IV संवाद लेखन

1. होमवर्क न करने पर अध्यापक और छात्र के बीच का संवाद लिखिए।
2. रेलवे स्टेशन के क्लर्क और यात्री के बीच का संवाद लिखिए।

### V ये भी जान लें

| | |
|---|---|
| पेय जल - DRINKING WATER | तापमान - TEMPERATURE |
| पूछताछ - ENQUIRY | आय कर - INCOME TAX |
| दूरदर्शन - TELEVISION | आरक्षण - RESERVATION |
| दूरभाष - TELEPHONE | केंद्र - CENTRE |
| निषेध - PROHIBITION | विभाग - DEPARTMENT |
| समाचार पत्र - NEWSPAPER | कार्यालय - OFFICE |

# 10. भारत का लौह पुरुष - पठित बोध



सरदार वल्लभ भाई पटेल जी ने अपनी ज़िंदगी में सबकुछ लगन और जी तोड़ मेहनत से हासिल किया था। अपने काम के प्रति उनका समर्पण भाव बहुत पवित्र था। वे आज़ाद भारत के पहले गृहमंत्री थे। उनके जीवन में एक घटना घटी, बात 1909 की है। उनकी पत्नी झावेरबा को मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती करा दिया गया था; इलाज जारी रहा। पटेल उस समय कोर्ट में एक मुकदमे में एक साक्षी से पूछताछ कर रहे थे। किसी व्यक्ति ने बहस कर रहे सरदार पटेल जी को एक पर्ची दी। उन्होंने पर्ची पढ़ी और मोड़कर जेब में रखते हुए बहस जारी रखी। उनकी बहस पूरी हुई, तो वे कोर्ट से तेज़ी से निकलने लगे। पूछने पर लोगों को पता चला कि उनकी पत्नी का निधन हो गया था। अपना कर्त्तव्य पूरा करके ही वे अपनी स्वर्गीय पत्नी को देखने पहुँचे। आज़ादी के पश्चात् का भारत 562 रियासतों में बँटा था, या यूँ कहें कि 562 टुकड़ों में। इन सभी टुकड़ों को एक साथ जोड़कर अखंड भारत बनाने की ज़िम्मेदारी सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपने कंधों पर ली थी। सरदार पटेल को भारत का लौह पुरुष और नवीन भारत का निर्माता कहा जाता है। इस महान कार्य से उनका नाम भारत के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित हो गया है।

### निम्न दिए हुए प्रश्नों का सही उत्तर चुनकर लिखिए

**1. सरदार पटेल जी को लौह पुरुष क्यों कहा जाता है?**

अखंड भारत बनाने में दिए योगदान के कारण

स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री होने के कारण

परिवार के प्रति समर्पण भाव के कारण

**2. प्रस्तुत गद्यांश में पटेल जी के किन विशेष गुणों को सराहा गया है?**

धीरता कर्त्तव्य परायणता दयालुता

**3. कोर्ट में पटेल जी का मुकदमे में बहस करते समय कौन बीमार था?**

उनकी पत्नी　　　　उनके पिताजी　　　　उनकी माता जी

**4. एक आदमी क्या लाया?**

दूध　　　　पर्ची　　　　कागज़ात

**5. पटेल जी ने स्वतंत्र भारत में कौन-सा पद संभाला?**

प्रधान मंत्री　　　　वित्त मंत्री　　　　गृह मंत्री

**6. उनकी पत्नी का निधन कब हुआ था?**

उनके खाते समय　　　　कोर्ट में पूछताछ करते समय　　　　उनके सोते समय

**7. आज़ादी के पश्चात् का भारत कितने रियासतों में बँटा था?**

562　　　　526　　　　652

**8. पटेल जी ने अपनी ज़िंदगी में सब कुछ कैसे प्राप्त किया था?**

लगन और जीतोड़ मेहनत से　　　　लगन और बहस से　　　　जीतोड़ मेहनत और बहस से

**9. पटेल जी की पत्नी का उपचार कहाँ चल रहा था?**

दिल्ली में　　　　मुंबई में　　　　कोलकत्ता में

**10. पटेल जी अपनी स्वर्गीय पत्नी को देखने कब निकले थे?**

बहस पूरी करने के बाद　　　　लोगों से मिलने के बाद　　　　यात्रा पूरी होने के बाद

## गतिविधि

### अंतिम अक्षर से नया शब्द बनाइए

क) सुंदर → र___स्य → य___गान → न___र

र___त → त___व → व___ल → ल___ई

# 11. अनुवाद-II

| | |
|---|---|
| 1. I will watch a movie. | मैं एक सिनेमा देखूँगा। |
| 2. We will arrive in the evening. | हम शाम को आएँगे। |
| 3. I will make tea. | मैं चाय तैयार करूँगी / करूँगा। |
| 4. I will ask you about this later. | मैं इसके बारे में आपसे बाद में पूछ लूँगा। |
| 5. The bell will ring in 5 minutes. | घंटी पाँच मिनट में बजेगी। |
| 6. It will rain tomorrow. | कल बारिश होगी। |
| 7. He is not well. | उसकी तबीयत ठीक नहीं है। |
| 8. I will call you later. | मैं तुम्हें बाद में बुलाऊँगा। |
| 9. I will come again (later). | मैं फिर (बाद में) आऊँगा। |
| 10. I don't know. | मुझे नहीं पता। / मुझे मालूम नहीं। |
| 11. This is not fair. | यह तो ठीक नहीं है। |
| 12. Radha jumped out of joy. | राधा खुशी से कूदने लगी। |
| 13. The cat hid under the table. | बिल्ली टेबल के नीचे छिप गई। |
| 14. There is some juice in the glass. | गिलास में थोड़ा शरबत है। |
| 15. She kept all the books in her bag. | उसने सभी पुस्तकें अपनी थैली में रखीं। |

## गतिविधि

अंताक्षरी खेलें।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| नल | ल | ___ | ___ | ___ |
| मन | न | ___ | ___ | ___ |

# 12. मुहावरे-II

परिभाषा - मुहावरा एक ऐसा वाक्यांश है जिसका वाक्य में प्रयोग किए जाने पर विशेष अर्थ प्रकट होता है। इससे भाषा आकर्षक, प्रभावपूर्ण तथा रोचक बन जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| एड़ी चोटी का ज़ोर लगाना | - | खूब परिश्रम करना |
| मुँह में पानी आना | - | जी ललचाना |
| भीगी बिल्ली बनना | - | बहुत डर जाना |
| फूला न समाना | - | बहुत खुश होना |
| नतमस्तक होना | - | बात मानना |
| चिराग तले अँधेरा | - | अपने दोष का पता न चलना |
| आसमान टूट पड़ना | - | बड़ा संकट आना |

**चित्र देखकर सही मुहावरे से वाक्यों की पूर्ति कीजिए।**



राम ______________________________

______________________ लगाकर धनी बन गया।



विदेश से लौटे अपने भाई को देखकर श्याम ______________

______________________________________



अपनी गलती पकड़े जाने पर मोहन ____________________

______________________________ बन गया।



गरम-गरम जलेबी को देखते ही बच्चे के ________________

____________________________________।



रोहन खुद बेईमान होकर दूसरों की गलतियाँ निकालता है, यह तो सच है ______________________।



अपनी गलती का एहसास होते ही राघव अपने अध्यापक के सामने ______________________ हो गया।



दुर्घटनाग्रस्त होने के साथ-साथ नौकरी भी चली गई, तो राम को लगा कि ______________________

## गतिविधि

चित्र को ध्यान से देखकर उसका वर्णन दिए हुए शब्दों के सहारे कीजिए।



( पक्षी नारियल हरियाली कुटिया के सामने कमल स्वच्छ किनारे गाँव साफ़ औरत तालाब बतख )

यह एक __________ का चित्र है। __________ में दो __________ तैर रहे हैं। घर__________ एक __________ बर्तन __________ कर रही है। उसके समीप एक __________ का पेड़ है। तालाब के __________ पेड़ के पास एक और __________ है। आकाश में __________ उड़ रहे हैं। तालाब में __________ के फूल खिले हैं। तालाब का पानी __________ है। चारों ओर __________ फैली हुई है।

# 13. पोस्टर व विज्ञापन रचना-II

पोस्टर व विज्ञापन रचना आधुनिक युग में प्रचार-प्रसार के लिए बहुत ही उपयोगी और अनिवार्य माध्यम सिद्ध हुआ है। किसी वस्तु की पूर्ण जानकारी देने हेतु, किसी उत्पाद की बिक्री बढ़ाने हेतु या किसी विषय के बारे में लोगों के मन में जागरण पैदा करने के लिए पोस्टर/विज्ञापन का प्रयोग किया जाता है। यह एक अद्भुत कला है, जो समाज का एक आवश्यक अंग बन गया है। एक आकर्षक विज्ञापन या पोस्टर जन साधारण तक संदेश पहुँचाता है।

**1.तारा साइकल्स के लिए एक आकर्षक विज्ञापन दीजिए**

तारा साइकल्स

तारा साइकिल लीजिए, हवा से बातें कीजिए।

धमाका !!!
सस्ते दाम में सुंदर साइकिलें

ऑफ़र सीमित है !!!
रंग-बिरंगी मनमोहक साइकिलें



अटूटता का प्रमाण

घोड़े-सी मज़बूती

देश का गौरव - तारा साइकल्स

दाम - रु 3,000 से लेकर रु 20,000 तक
सितंबर 30 तक 10% की कटौती

संपर्क करें

तारा साइकिल्स, 6 भगत रोड, बंगलूरु -xx फ़ोन : XXXXXXXXXX

2.(वृक्षारोपण) पेड़ों के महत्त्व पर एक पोस्टर बनाइए।

वृक्ष हैं धरती की साँस, प्रकृति के साथी।

जहाँ है हरियाली, वहाँ है खुशहाली।



पेड़ लगाओ, प्राण बचाओ।

पेड़ बचाओ, धरती सजाओ।

## गतिविधि

**वर्ग पहेली पूरी कीजिए**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2. | | | | | | 6.श्रो | 8. | 7. |
| 5. | | | 1.अ | | | | | |
| | | | | 9. | 10. | | | |
| | | | | | | | | |
| 3. | | | | | | | | |
| | | | | | | 4. | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. अभिनय करनेवाला पुरुष
2. जिसने अपराध न किया हो
3. कीर्तिमान पुरुष
4. जिसके आने की तिथि न हो
5. जिसमें बल न हो

**ऊपर से नीचे**

6. सुननेवाला
7. भारत में रहनेवाला
8. साथ काम करने वाला
9. दया करने वाला
10. जिसका आकार न हो

# 14. पत्र लेखन - II

**अवकाश माँगते हुए प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या को प्रार्थना पत्र लिखिए**

दिनांक: 6 जून, 20XX

प्रेषक

रोहन,

छठी कक्षा,

क ख ग विद्यालय,

राम नगर,

चेन्नई-1

सेवा में

प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या,

क ख ग विद्यालय,

राम नगर,

चेन्नई-1

विषय: अवकाश के लिए प्रार्थना

माननीय महोदय/महोदया,

सविनय निवेदन है कि मैं छठी कक्षा का छात्र हूँ। निवेदन है कि मेरी बहन के विवाह के लिए हमारे पूरे परिवार को तीन दिन गाँव जाना है। अतः आप से अनुरोध है कि मुझे तीन दिन अवकाश प्रदान करने की कृपा करें। मैं आपका अत्यंत आभारी रहूँगा।

सधन्यवाद।

आपका आज्ञाकारी शिष्य,

रोहन

# 15. व्याकरण

**I लिंग बदलिए**

| **लिंग बदलिए** (TERM I) | **लिंग बदलिए** (TERM II) |
|---|---|
| 1. बेटा - बेटी | 11. बूढ़ा - बुढ़िया |
| 2. मामा - मामी | 12. मौसा - मौसी |
| 3. महिला - पुरुष | 13. नर - नारी |
| 4. साथी - साथिन | 14. चाचा - चाची |
| 5. माता - पिता | 15. पुत्र - पुत्री |
| 6. दादा - दादी | 16. पोता - पोती |
| 7. पति - पत्नी | 17. लड़का - लड़की |
| 8. बच्चा - बच्ची | 18. छात्र - छात्रा |
| 9. बालक - बालिका | 19. पाठक - पाठिका |
| 10. भाई बहन | 20. नाना - नानी |

## II वचन बदलिए

| वचन बदलिए (TERM I) | वचन बदलिए (TERM II) |
|---|---|
| 1. शक्ति - शक्तियाँ | 16. बात - बातें |
| 2. एक - अनेक | 17. योजना - योजनाएँ |
| 3. आदमी - आदमी | 18. गेंद - गेंदें |
| 4. घड़ा - घड़े | 19. छुट्टी - छुट्टियाँ |
| 5. महिला - महिलाएँ | 20. चीज़ - चीज़ें |
| 6. रास्ता - रास्ते | 21. गाड़ी - गाड़ियाँ |
| 7. सड़क - सड़कें | 22. कथा - कथाएँ |
| 8. दुकान - दुकानें | 23. तैयारी - तैयारियाँ |
| 9. फूल - फूल | 24. गलती - गलतियाँ |
| 10. जगह - जगहें | 25. जानकारी - जानकारियाँ |
| 11. सब्ज़ी - सब्ज़ियाँ | 26. पक्षी - पक्षी |
| 12. सुविधा - सुविधाएँ | 27. यात्रा - यात्राएँ |
| 13. विद्या - विद्याएँ | 28. वस्तु - वस्तुएँ |
| 14. लड़का - लड़के | 29. कला - कलाएँ |
| 15. समस्या - समस्याएँ | 30. खुशी - खुशियाँ |

## III विलोम शब्द

| विलोम शब्द (TERM I) | विलोम शब्द (TERM II) |
|---|---|
| 1. तीव्र x मंद | 16. पूर्ण x अपूर्ण |
| 2. प्रिय x अप्रिय | 17. आवश्यक x अनावश्यक |
| 3. अनुकूल x प्रतिकूल | 18. साधारण x असाधारण |
| 4. आज्ञा x अवज्ञा | 19. हाँ x नहीं |
| 5. बुद्धिमान x मूर्ख | 20. इच्छा x अनिच्छा |
| 6. सामने x पीछे | 21. अधिक x कम |
| 7. सीधा x टेढ़ा | 22. लंबा x चौड़ा |
| 8. पहला x अंतिम | 23. धीरे x शीघ्र |
| 9. दायें x बायें | 24. आदान x प्रदान |
| 10. गर्मी x सर्दी | 25. अर्थ x अनर्थ |
| 11. उपाय x निरुपाय | 26. स्वाधीन x पराधीन |
| 12. अच्छा x बुरा | 27. पवित्र x अपवित्र |
| 13. पकड़ना x छोड़ना | 28. सजीव x निर्जीव |
| 14. अपना x पराया | 29. रक्षक x भक्षक |
| 15. रोगी x निरोग | 30. शीत x उष्ण |

# संज्ञा


परिभाषा: किसी व्यक्ति, वस्तु, प्राणी, स्थान या भाव के नाम का बोध कराने वाले शब्दों को संज्ञा कहते हैं।

उदाहरण: राम, गीता, रामायण, कलम, बाघ, शेर, गाँव, दिल्ली, कृपा, पढ़ाई

संज्ञा के तीन भेद

व्यक्तिवाचक | जातिवाचक | भाववाचक


I. व्यक्तिवाचक संज्ञा (किसी व्यक्ति, वस्तु या स्थान के विशेष नाम का बोध हो)



रमा गा रही है।

ऋग वेद हमारा धर्मग्रंथ है।



रतनपुर एक सुंदर गाँव है।

II. जातिवाचक संज्ञा (किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान की संपूर्ण जाति का बोध)



डॉक्टर रोगी का इलाज़ कर रहे हैं।

बच्चे लिख रहे हैं।





पक्षी उड़ रहा है।

मैं शहर जा रहा हूँ ।



III. भाववाचक संज्ञा (किसी गुण - दोष, भाव या दशा का बोध हो)



बचपन में खेलना ज़रूरी है।

क्रोध मत कर।





लड़की पढ़ाई कर रही है।

## अभ्यास

उचित संज्ञा शब्दों से वाक्यों की पूर्ति कीजिए।

( शिक्षक बचपन कुर्सी दूध दिल्ली हरियाली वल्मीकी गंगा नदी मिठास लिखावट सच घड़ी रेलगाड़ी दौड़ चित्र घर कुत्ता गाँव बालक तोता )

1. ---------- खा रहा है।
2. ---------- हिमालय से बहती है।
3. ---------- उड़ चला।
4. वह ----------- में नटखट था।
5. ----------- दौड़ रहा है।
6. ----------- पढ़ा रहे हैं।
7. ----------- हमारे देश की राजधानी है।
8. दादाजी --------- में रहते हैं।
9. हमेशा ---------- बोलो।
10. लड़का ----------- से उतरा।
11. इस --------- को देखो।
12. उसकी ----------- सुंदर होती है।
13. ---------- ने रामायण लिखा।
14. मेरा ---------- बड़ा है।
15. चाय में ---------- अधिक है।
16. वह ---------- पर बैठा।
17. दीवार पर ----------- है।
18. वसंत ऋतु में सर्वत्र ----------- छा जाती है।
19. मैदान में घोड़ों की ------------ होनेवाली है।
20. मैंने ----------- पिया।

# आंतरिक मूल्यांकन (INTERNAL ASSESSMENT)

**निर्देश**

- **दो / दो से पाँच तक के बच्चों का समूह निम्न दिए हुए निर्देशों में से किसी एक के आधार पर 5 मिनट का वीडियो बना सकता है।**

(a) **आंतरिक मूल्यांकन** के अंतर्गत दिए हुए शीर्षक के आधार पर

(b) पिछली कक्षाओं में पढ़े पाठों के आधार पर

(c) प्रस्तुत पाठ्यक्रम में वार्तालाप रूपी पाठ के अंत में दिए हुए **'संवाद लेखन'** के आधार पर वीडियो बनाया जा सकता है।

- यदि बच्चों का समूह 5 हो, तो हर छात्र के लिए 1 मिनट का समय दिया जा सकता है।
- छात्र बिना गलतियों के, सरल रूप से बातचीत करने की कोशिश करें।
- छात्र वीडियो में किसी प्रादेशिक भाषा या अपनी मातृभाषा में सब टाइटल (SUBTITLE) दे सकते हैं।
- वीडियो बनाने के बाद छात्र मूल्यांकन हेतु अपने अध्यापक को भेज दें।
- **मूल्यांकन बिंदु** - उच्चारण विषय प्रस्तुतीकरण समय

Guidelines for Internal Assessment:

- A group of 2 to 5 students can collaboratively make a video for the duration of 5 minutes on any one of the following:

(a) Topics given under INTERNAL ASSESSMENT

(b) Any topic learnt from their previous classes

(c) Topics given under 'संवाद लेखन' (SAMVAD LEKHAN) at the end of the Dialogue-Based Lessons in the text.

- If the group is of 5 members, then the time duration will be 1 minute per student.
- Students should ensure that they deliver their dialogues flawlessly and effortlessly.

- During the dialogue delivery, **SUBTITLES** may be given in any regional language including mother tongue.
- The video should be sent to the subject teacher within the stipulated time frame for assessment.
- **PARAMETERS:** Diction Content Presentation Duration

## आंतरिक मूल्यांकन (INTERNAL ASSESSMENT)

Term I

- डॉक्टर और रोगी के बीच का संवाद प्रस्तुत कीजिए।
- Create a scenario picturising a conversation between a doctor and a patient.

Term II

- दुकानदार और ग्राहक के बीच का संवाद प्रस्तुत कीजिए।
- Create a scenario picturising a conversation between a shopkeeper and a customer.

# SAMPLE PAPER 1

PORTIONS:

1.तेनालीराम की बुद्धिमानी
2.नए शहर में एक दिन
3.बातूनी कछुआ
4.अनुवाद-I
5.मुहावरे-I
6.गिनती (1-25)
7.विज्ञापन & पोस्टर लेखन-I
8.पत्र लेखन-I
9.RECAP-I
10.व्याकरण Term I (लिंग, वचन, विलोम) & संज्ञा (Exercise 1 - 10)
11.संभाषण (Term I)

NOTE: 'शब्दार्थ' from the above-mentioned lessons (ENGLISH MEANINGS ONLY), all the exercises given at the end of the lessons & objective questions from 'गतिविधि' (Activities) will be tested for Written Examination.

CLASS : VI　　HINDI LANGUAGE III　　TIME: 1½ HRS

DATE:　　MAX MARKS: 50

**1. अंग्रेज़ी अंक लिखिए (कोई 2)** **2X1=2**

बीस　　पच्चीस　　आठ

**2. अंग्रेज़ी में शब्दार्थ लिखिए (कोई 2)** **2x1=2**

आदेश　　महिला　　कुल

**3. वाक्य बनाइए (कोई 4)** **4X1=4**

चेतावनी　　इंतज़ार　　नाराज़　　रास्ता　　विचित्र

**4. सही मिलान कीजिए** **5X1=5**

a.प्रधान मंत्री - HEAD

b.अध्यक्ष - बुआ

c.नौ दो ग्यारह होना - नींद न आना

d.तारे गिनना - PRIME MINISTER

e.फूफा - भाग जाना

**5. लिंग बदलिए** **2X1=2**

दादा बालक

**6. वचन बदलिए** **2X1=2**

सड़क सुविधा

**7. विलोम शब्द लिखिए** **2X1=2**

सामने उपाय

**8. उचित संज्ञा शब्दों से वाक्यों की पूर्ति कीजिए।** 2x1=2

**[ कुत्ता , तोता , घर , गंगा नदी ]**

अ. __________ हिमालय से बहती है।

आ. __________ दौड़ रहा है।

**9. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (कोई 4)** **4X1=4**

a. महाराज किसी बात पर तेनालीराम से ____________ हो गए।

b. ____________ पर चारों ओर जानवरों के मुँह बने थे।

c. तेनालीराम पर ____________ का विशेष प्रेम देखकर बहुत लोग उससे जलते थे।

d. आपका दिन ____________ हो।

e. ____________ आकर भी मुझे कोई असुविधा नहीं रही।

**10. सही विकल्प चुनकर लिखिए (कोई 4)** **4X1=4**

a. किसे दूसरे तालाब में जाने की समस्या थी?

हंसों को कछुए को लोगों को

b. तालाब सूख गया, क्योंकि

बहुत गरमी थी बहुत सरदी थी बहुत वर्षा थी

c. हंसों ने लकड़ी को कैसे पकड़ा?

चोंच से पंखों से पैरों से

d. कछुए ने लकड़ी को कैसे पकड़ा?

पैरों से हाथों से मुँह से

e. किन्हें देखकर कछुए ने मुँह खोला?

हंसों को　　　　　लोगों को　　　　　अन्य पक्षियों को

**11. पत्र लेखन (कोई 1)**　　　　**1X4=4**

a. साइकिल की चोरी हो जाने की रिपोर्ट करते हुए पुलिस अधिकारी को पत्र लिखिए।

b. मोबाइल फ़ोन की चोरी हो जाने की रिपोर्ट करते हुए पुलिस अधिकारी को पत्र लिखिए।

**12. विज्ञापन या पोस्टर लेखन ( कोई 1)**　　　　**1X4=4**

a. कलम की बिक्री के लिए एक आकर्षक विज्ञापन दीजिए।

b. जल के महत्त्व पर एक पोस्टर बनाइए।

**13. हिंदी में अनुवाद कीजिए (कोई 4)**　　　　**4X1=4**

a. I will write in the class.

b. My brother is going to sleep.

c. She will sing a song.

d. This is my address

e. I have some work here.

**14. अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए (कोई 4)**　　　　**4X1=4**

a. उसने एक फूल तोड़ा।

b. लड़के शाम को खेलेंगे ।

c. वे मंदिर जाएँगे।

d. आपकी बहन भाषण देंगी।

e. मैं कल वहाँ ज़रूर आऊँगा।

**15. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई 5)**　　　　**5X1=5**

a. राजा ने तेनालीराम को क्या आदेश दिया?

b. महिला ने मोहन को क्या निर्देश दिया?

c. तेनालीराम क्यों प्रसिद्ध थे?

d. मोहन कहाँ जाना चाहता था?

e. बस स्टॉप की छत का क्या रंग था?

f. किन्हीं चार सगे संबंधियों के नाम लिखिए?

# SAMPLE PAPER 2

PORTIONS:

1.रेलगाड़ी की यात्रा
2.भारत का लौह पुरुष
3.अनुवाद-II
4.मुहावरे-II
5.गिनती (26-50)
6.विज्ञापन & पोस्टर लेखन -II
7.पत्र लेखन -II
8.RECAP-II
9.व्याकरण Term II (लिंग, वचन, विलोम) & संज्ञा (Exercise 11 - 20)
10.संभाषण (Term II)

NOTE: 'शब्दार्थ' from the above-mentioned lessons (ENGLISH MEANINGS ONLY), all the exercises given at the end of the lessons & objective questions from 'गतिविधि' (Activities) will be tested for Written Examination.

CLASS : VI — HINDI LANGUAGE III — TIME: 1½ HRS

DATE: — MAX MARKS: 50

**1. अंग्रेज़ी अंक लिखिए (कोई 2)** **2X1=2**

उनतीस सैंतीस बयालीस

**2. अंग्रेज़ी में शब्दार्थ लिखिए (कोई 2)** **2x1=2**

गाड़ी पहाड़ छुट्टी

**3. वाक्य बनाइए (कोई 4)** **4X1=4**

बाहर चीज़ें हाथ गाड़ी मौसम

**4. सही मिलान कीजिए** **5X1=5**

a. पूछताछ - समुद्र

b. दूरदर्शन - बात मानना

c. फूला न समाना - Enquiry

d. नतमस्तक होना - बहुत खुश होना

e. जहाज़ - Television

**5. लिंग बदलिए** **2X1=2**

पुत्र पाठक

**6. वचन बदलिए** **2X1=2**

योजना चीज़

**7. विलोम शब्द लिखिए** **2X1=2**

इच्छा लंबा

**8. उचित संज्ञा शब्दों से वाक्यों की पूर्ति कीजिए।** **2x1=2**

**[ बालक, लिखावट, दूध, घड़ी ]**

अ. उसकी _________ सुंदर होती है।

आ. दीवार _________ पर है।

**9. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (कोई 4)** **4X1=4**

a. रामू ____________ से प्रयागराज जा रहा था।

b. रामू ____________ से प्रयागराज जाना चाहता था।

c. दशहरे के मेले में ____________ भी दिखेंगी।

d. कभी-कभी गाड़ी एक ____________ से भी गुज़रती है।

**10. सही विकल्प चुनकर लिखिए (कोई 4)** **4X1=4**

a. पटेल जी ने स्वतंत्र भारत में कौन-सा पद संभाला?

प्रधान मंत्री वित्त मंत्री गृह मंत्री

b. कोर्ट में पटेल जी का मुकदमे में बहस करते समय कौन बीमार था?

उनकी पत्नी उनके पिताजी उनकी माता जी

c. एक आदमी क्या लाया?

दूध पर्ची कागज़ात

d. उनकी पत्नी का उपचार कहाँ चल रहा था?

दिल्ली में मुंबई में कोलकत्ता में

e. आज़ादी के पश्चात् का भारत कितने रियासतों में बँटा था?

562 526 652

**11. पत्र लेखन (कोई 1)** **1X4=4**

a. बहन के विवाह पर अवकाश माँगते हुए प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या को प्रार्थना पत्र लिखिए।

b. बीमार पड़ने पर अवकाश माँगते हुए प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या को प्रार्थना पत्र लिखिए।

**12. विज्ञापन या पोस्टर लेखन (कोई 1)** **1X4=4**

a.तारा साइकिल्स के लिए एक आकर्षक विज्ञापन दीजिए।

b.(वृक्षारोपण) पेड़ों के महत्त्व पर एक पोस्टर बनाइए।

**13. हिंदी में अनुवाद कीजिए (कोई 4)** **4X1=4**

a. It will rain tomorrow.

b. This is not fair.

c. There is some juice in the glass.

d. Where do you work now?

e. Let us go together.

**14. अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए (कोई 4)** **4X1=4**

a. घंटी पाँच मिनट में बजेगी।

b. मैं तुम्हें बाद में बुलाऊँगा।

c. राधा खुशी से कूदने लगी।

d. तुम्हारा भाई क्या कर रहा है ?

e. वह शाम को पाँच बजे घर लौटता है।

**15. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई 5)** **5X1=5**

a. रेलगाड़ी किस पर चलती है?

b. किस मेले के बारे में परिवारवालों के बीच बातचीत हो रही थी?

c. रेलगाड़ी की यात्रा में क्या-क्या देख सकते हैं?

d. प्रयागराज कौन-कौन जानेवाले थे?

e. प्रयागराज पहले किस नाम से जाना जाता था ?

f. किन्हीं चार वाहनों के नाम लिखिए।

# SAMPLE PAPER 3

PORTIONS:

| | | |
|---|---|---|
| 1.तेनालीराम की बुद्धिमानी | 2.नए शहर में एक दिन | 3.बातूनी कछुआ |
| 4.रेलगाड़ी की यात्रा | 5.भारत का लौह पुरुष | 6.अनुवाद-I&II |
| 7.मुहावरे-I&II | 8.गिनती (1-50) | 9.विज्ञापन & पोस्टर लेखन-I&II |
| 10.पत्र लेखन-I&II | 11.RECAP-I&II | 12.व्याकरण (Term-I & II) |
| 13.संभाषण (Term-I & II) | | |

NOTE: 'शब्दार्थ' from the above-mentioned lessons (ENGLISH MEANINGS ONLY), all the exercises given at the end of the lessons & objective questions from 'गतिविधि' (Activities) will be tested for Written Examination.

CLASS : VI HINDI LANGUAGE III TIME: 1½ HRS

DATE: MAX MARKS: 50

**1. अंग्रेज़ी अंक लिखिए (कोई 2)** **2X1=2**

चालीस तेरह पैंतीस

**2. अंग्रेज़ी में शब्दार्थ लिखिए: (कोई 2)** **2x1=2**

आदेश पहाड़ विचित्र कुल

**3. वाक्य बनाइए (कोई 4)** **4X1=4**

गाड़ी बाहर मुसीबत रास्ता अवहेलना

**4. सही मिलान कीजिए** **5X1=5**

a. दूरदर्शन - HOME MINISTER

b. भीगी बिल्ली बनना - पक्षी

c. गृहमंत्री - बहुत डर जाना

d. बतख & मोर - बहुत खुश होना

e. फूला न समाना - TELEVISION

**5. लिंग बदलिए** **2X1=2**

बच्चा पोता

**6. वचन बदलिए** **2X1=2**

दुकान गलती

**7. विलोम शब्द लिखिए** **2X1=2**

धीरे पहला

**8. उचित संज्ञा शब्दों से वाक्यों की पूर्ति कीजिए।** **2x1=2**

**[ बचपन, लिखावट, सच , गाँव ]**

अ. दादाजी _________ में रहते हैं।

आ. वह _________ में नटखट था।

**9. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (कोई 4)** **4X1=4**

a. कल से मुझे दरबार में अपना ____________ मत दिखाना।

b. ____________ आकर भी मुझे कोई असुविधा नहीं रही।

c. आपका दिन _________ हो।

d. कभी-कभी गाड़ी एक ____________ से भी गुज़रती है।

e. रामू ____________ से प्रयागराज जा रहा था।

**10. सही विकल्प चुनकर लिखिए (कोई 4)** **4X1=4**

a. हंसों ने लकड़ी को कैसे पकड़ा?

चोंच से पंखों से पैरों से

b.कछुए ने लकड़ी को कैसे पकड़ा?

पैरों से हाथों से मुँह से

c. कोर्ट में पटेल जी का मुकदमे में बहस करते समय कौन बीमार था?

उनकी पत्नी उनके पिताजी उनकी माता जी

d. पटेल जी ने स्वतंत्र भारत में कौन-सा पद संभाला?

प्रधान मंत्री वित्त मंत्री गृह मंत्री

e. पटेल जी की पत्नी का उपचार कहाँ चल रहा था?

दिल्ली में　　मुंबई में　　कोलकत्ता में

**11. पत्र लेखन (कोई 1)** **1X4=4**

a. साइकिल की चोरी हो जाने की रिपोर्ट करते हुए पुलिस अधिकारी को पत्र लिखिए।

b. अवकाश माँगते हुए प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए।

**12. विज्ञापन या पोस्टर लेखन ( कोई 1)** **1X4=4**

a. कलम की बिक्री के लिए एक आकर्षक विज्ञापन दीजिए।

b. पेड़ों के महत्त्व पर एक पोस्टर बनाइए।

**13. हिंदी में अनुवाद कीजिए (कोई 4)** **4X1=4**

a. The dog ate the bread.

b. I will write in the class.

c. They will go to temple.

d. He is not well.

e. Why didn't you come that day?

**14. अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए (कोई 4)** **4X1=4**

a. मैं एक आवशयक काम पर दिल्ली गया था।

b. वह मुझे कल बुलाएगा।

c. कल बारिश होगी।

d. यह तो ठीक नहीं है।

e. उसकी तबीयत ठीक नहीं है।

**15. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई 5)** **5X1=5**

a. चुग़लख़ोर ने राजा से क्या कहा?

b. मोहन कहाँ जाना चाहता था?

c. तेनालीराम कौन थे ?

d. प्रयागराज पहले किस नाम से जाना जाता था?

e. किन्हीं चार पशु पक्षियों के नाम लिखिए।

f. किन्हीं चार रंगों के नाम लिखिए।